प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में एक निजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में मिली नई पहचान।
2. विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 में दावा और आपत्ति अवधि के दौरान प्राप्त हुए 70 लाख से अधिक फॉर्म 6 : मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुईं कुल 3 हजार 90 बैठकें।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या में श्रीरामलला का करेंगी दर्शन : दौरे के दौरान लगभग 4 घंटे तक श्रद्धालु नहीं कर सकेंगे श्री रामलला के दर्शन। और
4. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, की पहल के अंतर्गत लखनऊ, प्रयागराज सहित देशभर में 250 जगहों पर किया जाएगा अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में एक निजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री योगी ने पिछले 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश में मेडिकल क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का जिक्र

करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधा सही, सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है। हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। यहां विरासत व विकास के अद्भुत समन्वय का स्वरूप है।

मुख्यमंत्री न कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज काम करते थे... आज प्रदेश भर में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। बाइट.....

*2017 के पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेजेस काम करते थे। आज हम उत्तर प्रदेश के अंदर 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन उत्तर प्रदेश भर में हम कर रहे हैं। स्वास्थ्य की सुविधा हर नागरिक को चाहिए तो डबल इंजन सरकार ने हर डिस्ट्रिक्ट के लिए एक मेडिकल कॉलेज की सुविधा देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। आज उसी का परिणाम है कि दो एम्स संचालित हो रहे हैं। एक गोरखपुर में एक रायबरेली में।*

इससे पूर्व श्री योगी आगरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण समन्वय बैठक में सम्मिलित हुए।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पूर्व गृह मंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंदबल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर आज श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भारत मां का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता व सुयोग्य

प्रशासक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत ने उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए।

————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष गहन पुनरीक्षण—2026 के दौरान 6 जनवरी से 6 मार्च तक हुई दावा और आपत्ति अवधि की कार्यवाहियों के संबंध में आज लखनऊ में प्रेसवार्ता की। श्री रिणवा ने बताया कि 06 जनवरी को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में कुल 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद नागरिकों से दावे व आपत्तियों और उसी अवधि में गणना चरण में 2003 की मतदाता सूची से मिलान न कराने वाले मतदाताओं और मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस जारी की गई और 6 मार्च तक लगभग 86 फीसदी सुनवाई की गई। बाइट......

*नोटिस जारी किए गए और सुनवाई हुई उसमें दो किस्म के मतदाताओं के नोटिस जारी किए एक तो जिन्होंने मिलान नहीं कराया था अपना गणना चरण में 2003 के अंतिम मतदाता सूची में वह अथवा उनके माता—पिता या उनके ग्रैंड पेरेंट्स कहां उनका नाम था यह बिल्कुल खाली छोड़ा था मिलान नहीं कराया जिसको हम नो मैपिंग भी बोलते हैं। ऐसे 1.04 करोड़ मतदाता थे और ऐसे मतदाता जिन्होंने मिलान कराया लेकिन उसमें तार्किक विसंगतियां आई। इस तरह की तार्किक विसंगतियां जो थी वह 2.22 करोड़ ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी होने थे।*

श्री रिणवा ने बताया कि एसआईआर के दौरान प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कुल 3 हजार 90 बैठकें आयोजित की गयी। दावा और आपत्ति अवधि में 70 लाख से अधिक फॉर्म 6– प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की समस्याओं की सुनवाई के लिए पर्याप्त संख्या में निर्वाचन अधिकारो नियुक्त किए गए थे। बाइट......

*सुनवाई को सुगम बनाने के लिए और एक स्थान पर अधिक मतदाताओं को ना बुलाना पड़े। मतदाताओं को अपने घर से बहुत दूर ना जाना पड़े। इसके लिए हमने पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करना अधिकारी लगाए थे। हमारे 403 विधानसभाएं हैं उत्तर प्रदेश में तो 403 तो निर्वाचक रजिस्ट्री अधिकारी हैं और 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री अधिकारी हैं।*

विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 के अन्तर्गत प्रदेश भर में समस्त मतदेय स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से दावा और आपत्ति अवधि में चार विशेष अभियान दिवसों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निस्तारण में नागरिकों द्वारा दी गई रेटिंग के अनुसार फरवरी माह में उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

———————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज अयोध्या से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित अयोध्या

दौरे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में राष्ट्रपति के प्रस्तावित अयोध्या दौरे और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति 19 मार्च को अयोध्या पहुंचेंगी और लगभग 4 घंटे तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। बाइट.....

*तो वह लगभग 11.00 यहां आएंगी और उनका कार्यक्रम कुल मिलाकर 3.00 तक होगा। वह प्रथम ग्राउंड फ्लोर पर जाएंगी, प्रथम तल पर जाएंगी, द्वितीय तल पर यंत्र की स्थापना करेंगी, इसके अलावा अन्य मंदिरों को पर भी जाएंगी।*

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान श्रद्धालु रामलला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर के निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष योजना बनाई जा रही है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद आज शाहजहांपुर में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, की 87वीं वार्षिक सामान्य निकाय बठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर उन्होंने बैंक की वित्तीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए किसानों से कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सहकार से समृद्धि विजन के तहत डबल इंजन सरकार सहकारिता आंदोलन को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

———————————

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में अचानक आई खराबी के कारण आज लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैन्डिग करनी पड़ी। सभी लोग सुरक्षित हैं। वह आज लखनऊ से कौशाम्बी जा रहे थे। लामार्टिनियर ग्राउंड से कौशाम्बी जाते समय केबिन में धुआं भर जाने और तकनीकी खराबी के बाद पायलट ने समझदारी दिखाते हुए अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड किया। हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच की जा रही है।

———————————

प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज उरई जनपद में सिंचाई एवं जल संसाधन से जुड़ी 6.78 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई

व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने तथा विभागीय व्यवस्थाओं को आधुनिक और सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि बेतवा नहर प्रखण्ड से जुड़े भवनों के निर्माण से विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा होगी तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

——————————

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल लखनऊ और प्रयागराज सहित देशभर में 250 जगहों पर अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल अस्मिता के अंतर्गत किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से प्रेरित करते हुए उन्हें उपलब्धियों के नए मील के पत्थर तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारतीय खेल प्राधिकरण और माय भारत के तत्वावधान में लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लीग का आयोजन किया जायेगा। माय भारत, प्रयागराज की उपनिदेशक जागृति पांडेय ने जनपद के शैक्षणिक संस्थानों से अपील की है कि वे अपनी छात्राओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें। बाइट.....

*तीन एज ग्रुप की बालिकाओं का प्रतिभागिता हम इस अस्मिता खेलो इंडिया एथलेटिक्स लीग में करेंगे, जिसमें 13 साल से कम की बालिकाएं, 13 से 18 साल की बालिकाएं एवं 18 साल से अधिक उम्र की बालिकाओं का प्रतिभागिता रहेगी। इनमें हम 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की रेस करवाएंगे और इनमें जो विजेता होंगे उनको अस्मिता पोर्टल पर रजिस्टर भी*

*कराया जाएगा और उन्हें प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर के मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।*

वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने मंदिर में महिलाओं को सुगम दर्शन कराए जाने का निर्णय किया है। इस संबंध में मुख्यकार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने आज बताया कि कल मंदिर में एक अलग पंक्ति लगाकर दर्शन करने की व्यवस्था बनाई है।

(समाप्त)